तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए सिवनीकला सरपंच एक्शन मोड पर
14 गोकुल नगर बसाने डेयरी संचालकों और निगम प्रशासन ...






## खबर संक्षेप

### रिसाई माता मंदिर में पंजीयन प्रारंभ

**धमतरी।** इस वर्ष भी रिसाई माता मंदिर प्रांगण रामसागरपारा शिव चौक में चैत्र नवरात्रि पर्व पर दीप प्रज्वलित किए जायेंगे। मंदिर समिति अध्यक्ष भूपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि ज्योति कलश प्रज्ज्वजन के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है। घी के लिए 1251 रूपये एवं तेल के लिए 1001 रूपये निर्धारित किया गया है। राशि जमा करवाने की अंतिम तिथि 30 मार्च की संध्या 4 बजे तक है। ज्योति कलश स्थापना 30 मार्च को संध्या 6 बजे गोधूलि बेला पर होगी। पंचमी 2 अप्रैल बुधवार, हवन पूजन एवं पूर्णाहुति 5 अप्रैल शनिवार को शाम 5:30 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक होगा। 6 अप्रैल को नवमी पर नव कन्या भोज सुबह 11 बजे रखा गया है।

### स्कूटी में घुसा सांप, स्नेक कैचर ने बाहर निकाला



**धमतरी।** जहरीले जीव जंतु कब, कहां से आ जाए कहा नहीं जा सकता। जरूरत है तो सावधानी बरतने की। लापरवाही से जान भी जा सकती है। ऐसा ही वाक्या सिहावा रोड के एक व्यवसायी के साथ घटा। दरअसल उक्त व्यवसायी की इलेक्ट्रिक स्कूटी में एक जहरीला सांप घुस गया था। सांप को बाहर निकालने स्कूटी के पाट्र्स अलग करने पड़े। काफी मशक्कत के बाद स्नेक कैचर नीरज शर्मा ने कोबरा को स्कूटी से बाहर निकाला एवं उसे गंगरेल जंगल में सुरक्षित छोड़ा।

### समाजसेवियों ने की कलेक्टर से मुलाकात



**धमतरी।** रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान व नगरी क्षेत्र के समाजसेवी सन्नी छाजेड़ ने गुरूवार को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात कर फूलों का पौधा भेंट किया। समाजसेवियों ने कलेक्टर को अपने-अपने क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी कार्य सुचारू रूप से किए जाने का आश्वासन दिया।

### युवा सम्मलेन 23 को

**धमतरी।** हिन्दू जागरण मंच द्वारा बलिदान दिवस पर भारत मां के वीर सपूतों को 23 मार्च रविवार को गांधी मैदान कचहरी चौक में शाम 5 बजे से 9 बजे तक देश भक्ति गीत और कविता पाठ के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। इस दौरान विशाल युवा सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।

## पॉलीटेक्निक कालेज में पूल कैंपस ड्राइव, चार जिले के 68 छात्रों का चयन

# पढ़ाई पूरी होने से पहले ही छात्रों के हाथ में आया जॉब ऑफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पढ़ाई खत्म होने से पहले ही पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों को नौकरी मिलने लगी है। गुरूवार को पूल कैम्पस ड्राइव में कई छात्रों को अहमदानगर की एक कम्पनी ने जॉब ऑफर किया। शुक्रवार को सारडा एनर्जी में 28 छात्र इंटरव्यू देने जा रहे हैं। इन छात्रों की नौकरी लगभग तय है।

मशीनी युग में तकनीकी शिक्षा का महत्व काफी बढ़ गया है। यही कारण है कि पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्रों की डिमांड बढ़ी हुई है। पॉलीटेक्निक कॉलेज प्रशासन द्वारा भी छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसका सार्थक परिणाम सामने आ रहा है। गुरुवार को मेड इन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अहमदनगर (महाराष्ट्र) ने भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी में पूल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया। इस प्रकार के कैंपस इंटरव्यू में पूरे प्रदेश के पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्र भाग ले सकते हैं। कॉलेज प्रशासन द्वारा प्रदेश के सभी पॉलीटेक्निक कॉलेज को सूचना भेजी गई। इसमें ज्यादा दूरी वाले कॉलेज से छात्र नहीं आए। बालोद, दुर्ग, रायपुर और महासमुंद पॉलीटेक्निक कॉलेज के छात्र इस कैंपस में शामिल हुए। जितने छात्र कैंपस में उपस्थित हुए, लगभग सभी का चयन कर लिया गया। इसमें ज्यादातर छात्र अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। कुछ छात्र ऐस भी थे, जो पॉलीटेक्निक पास कर चुके है।



### तीन साल बाद 4 लाख का पैकेज

जिन छात्रों का चयन किया गया है, उन्हें तीन साल तक प्रशिक्षण अवधि में रखा जाएगा। इस अवधि में छात्रों को 17000 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा। इसमें कोई कटौती नहीं होगी। प्रशिक्षण अवधि के बाद सालाना 4 लाख रुपए के पैकेज में ऑनरोल जॉब पर रखा जाएगा। प्रमोशन और वेतन में बढ़ोतरी भी होगी। इस अवसर पर भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज धमतरी के प्राचार्य जीआर साहू ने कहा कि इस ड्राइव के माध्यम से छात्रों को अपने करियर की शुरुआत करने का सुनहरा अवसर मिला है। उन्होंने कंपनी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### करियर की शुरूआत

कैंपस का आयोजन करने वाली कंपनी एसी, फ्रिज जैसे आइटम बनाती है, जिसके लिए उन्हें तकनीशियनों की जरूरत है। कंपनी द्वारा नई यूनिट की स्थापना की जा रही है, जिसमें बड़े पैमाने पर भर्ती की जा रही है। कैंपस में चारों जिले के पॉलीटेक्निक कॉलेज के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं इलेक्ट्रॉनिक्स संकाय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कंपनी द्वारा 68 अभ्यर्थियों का चयन किया गया और उन्हें ऑफर लेटर दिया गया।

### सारडा एनर्जी में भी डिमांड

बिजली उत्पादन की दिशा में काम कर रही राष्ट्रीय स्तर की कंपनी सारडा एनर्जी ने भी छात्रों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। इससे पहले ही इस कंपनी से भोपालराव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज का अनुबंध हुआ है। अनुबंध के तहत कंपनी यहां के छात्रों को ऑनसाइड और ऑफसाइड प्रशिक्षण भी देगी। अब यहां के छात्रों को नौकरी के लिए ऑफर भी दिया जा रहा है। शुक्रवार को 28 छात्र सारडा एनर्जी में इंटरव्यू के लिए जाएंगे।

# राजस्व ग्राम घोषित होने के बाद भी शासन की योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

- ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर राजस्व ग्राम की कार्रवाई शीघ्र करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राजस्व ग्राम घोषित होने के बाद भी ग्राम जोगीडीह के ग्रामीणों को राजस्व गांव का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गुरुवार को ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर राजस्व ग्राम की कार्रवाई शीघ्र करने की मांग की है।

जोगीडीह निवासी कुंजलाल देवांगन, गणेशराम खापर्डे, सचिन जाचक, बीरबल उइके, मानसिंह नेताम ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि गंगरेल बांध निर्माण के दौरान डूब प्रभावित लोग ग्राम जोगीडीह में बसे हुए हैं। जोगीडीह के अधिकांश लोगों को जमीन का पट्टा प्रदान किया जा चुका है, जबकि कुछ लोगों को अब तक पट्टा नहीं मिला है। 40 से 50 वर्षों से निवासरत ग्रामीणों को राजस्व ग्राम तथा शाासन की अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया है कि भुईयां पोर्टल में काबिज जमीन का बी-वन खसरा, नक्शा इंद्राज नहीं होने के कारण कृषक पंजीयन, धान विक्रय करने के बाद बोनस की राशि नहीं प्राप्त होती है। कृषि लोन नहीं मिलता है। गांव का विकास रूक गया है। जोगीडीह की आवंटित जमीन पथरीली एवं अनुपजाऊ थी, जिस पर काफी मेहनत कर खेती योग्य बनाया। अब उसी पर कृषि कार्य कर रहे हैं। वहीं अनेक लोगों का जीविकोपार्जन मेहनत मजदूरी से हो रहा है। वर्तमान में जोगीडीह में बसे कई लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। जोगीडीहवासियों ने राजस्व ग्राम की कार्रवाई त्वरित गति से करते हुए जमीन का पट्टा व अन्य शासकीय सुविधाएं देने की मांग की है।

# डीईओ ने किया बीईओ कार्यालय का निरीक्षण

**धमतरी।** जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने 20 मार्च को बीईओ कार्यालय धमतरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार सभी विभाग के कार्यालयों मे पदस्थ कर्मचारियों को सुबह 10 बजे पहुंकर राष्ट्रगान करना है। आदेश का पालन कराने अधीनस्थ अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण करने का दायित्व सौंपा गया है। इस आदेश के नुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगदल्ले द्वारा जिले में सतत निरीक्षण किया जा रहा है। श्री जगदल्ले गुरूवार को 20 मार्च की सुबह 10 बजे से पहले ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी कार्यालय पहुंच गये थे। कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी भी समय पर पहुंच गये थे। डीईओ श्री जगदल्ले की उपस्थिति में सुबह 10 बजे प्रार्थना की गई। राष्ट्रगान के बाद डीईओ श्री जगदल्ले ने सुविचार का वाचन कर कार्यालयीन स्टाफ को आपसी सामंजस्य बनाकर बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया। बीईओ अमित तिवारी ने जिला शिक्षा अधिकारी को कार्यालय के संबंध में जानकारी दी। प्रार्थना के बाद डीईओ ने कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।




# जिपं के पास खाली प्लाट में लगी आग



फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला पंचायत कार्यालय के पास स्थित खाली प्लाट में अचानक आग लग गई। सूचना पर दमकल की टीम तत्काल मौके पर पहुंच आग पर काबू पाने में सफल हुई।

गुरुवार को कलेक्टोरेट कार्यालय व जिला पंचायत के पास स्थित खाली प्लाट की झाड़ियों में अचानक धुआं उठने लगा, देखते ही देखते झाड़ियों से आग की लपटें निकलने लगीं। इसे देख आसपास के लोग बाल्टी में पानी भरकर आग को बुझाने का प्रयास में जुट गए, लेकिन आग तेजी से फैलते चली गई। लगभग डेढ़ एकड़ तक आग फैल गई। घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई। फायर फाइटर दमकल वाहन के साथ तत्काल मौके पर पहुंच आग बुझाने में जुट गए। इस दौरान आग व धुआं देख कर्मचारी कार्यालय से बाहर आ गए। घंटों की मश्क्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने में सफलता पाई।

### सीतानदी वन क्षेत्र में लगी आग

- घंटों मशक्कत के बाद वन अमले ने आग पर पाया काबू

**धमतरी।** गर्मी बढ़ते ही जिले के जंगल में आगजनी की घटनाएं शुरु हो गई है। गुरुवार को सीतानदी वन क्षेत्र में आग लग गई। घंटों मशक्कत के बाद वन अमला ने आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतानदी क्षेत्र के ग्राम बिरनासिल्ली, फरसगांव के बीच सड़क के दोनों तरफ आग लग गई जिससे कई एकड़ जंगल में लगे औषधीय पौधे, जंगली पौधे जलकर नष्ट हो गए। घंटों की मशक्कत के बाद वन अमला ने आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि महुआ बीनने के लिए पेड़ पौधों से गिरे पत्तों की सफाई के दौरान आग लगाने से यह घटना हुई है।

# केबल वायर की चोरी से परेशान किसानों के हत्थे चढ़ा एक संदिग्ध

- खपरी के श्मशान घाट में छिल रहा केबल वायर, ग्रामीणों ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केबल वायर चोरी से परेशान ग्रामीणों ने एक युवक को मोटरपंप के वायर के साथ रंगेहाथ पकड़ा। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है। हालांकि गांव में फिलहाल किसी के मोटरपंप से केबल वायर चोरी की शिकायत नहीं आई है और न ही किसी ग्रामीण ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम खपरी, अर्जुनी, भानपुरी सहित आसपास के गांवों में किसान और ग्रामीण मोटरपंपों में चोरी से परेशान हैं। आए दिन मोटरपंप से चोर केबल वायर, मोटर सहित अन्य सामग्रियों की चोरी कर लेते हैं। चोरों को इससे सौ- दो सौ रुपए की आवक होती है, लेकिन किसानों को मोटरपंप चालू करवाने में हजार रुपए खर्च करने पड़ते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि चोर एक मोटरपंप में नहीं बल्कि खार के कई मोटरपंप पर धावा बोलते हैं। चोरों से परेशान किसान और ग्रामीण ताक में थे। गुरुवार को सुबह उन्हें एक युवक खपरी के श्मशान घाट में मोटरपंप का केबल वायर छिलते मिला। सूचना मिलते ही ग्रामीण वहां एकत्रित हो गए और युवक को पकड़ लिया। युवक धमतरी का रहने वाला है। युवक ने बताया कि वह धमतरी के एक बड़े अस्पताल में गार्ड का काम करता है। अस्पताल के पुराने भवन से इस केबल वायर को लाया था। किसान उनकी बातों से संतुष्ट नहीं हुए। घंटों तक उससे पूछताछ की। उसके बाद पुलिस पेट्रोलिंग को बुलाकर युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले में अब तक किसी ने केबल वायर चोरी की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस शिकायत दर्ज होने का इंतजार कर रही है।

### किसानों को उठाना पड़ा नुकसान

किसान युवराज शर्मा ने बताया कि उन्होंने बड़े शौक से खेत में सोलरपंप लगाया था। पूरे गांव में यह इकलौता सोलर पंप था। सोलरपंप बढ़िया चल भी रहा था, लेकिन डेढ़ साल में पांच बार चोरों ने केबल सहित अन्य सामग्री पर हाथ साफ कर दिया। जनवरी माह में हुई चोरी में चोरों ने हजारों रुपए की सामग्री उड़ा ली। इससे सोलरपंप से उनका मोहभंग हो गया। अब यह पंप बंद पड़ा हुआ है। वे चना में पानी भी नहीं पला पाए, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ। किसान संतराम, अशोक साहू सहित अन्य किसानों के इलेक्ट्रिक पंप में भी चोरी हुई थी।



### तांबा के लिए देते हैं चोरी को अंजाम

केबल वायर में तांबा लगा होता है। तांबा काफी महंगा बिकता है। चोर इसी तांबे के लिए केबल वायर की चोरी करते हैं। चालू लाइन में भी वे जुगाड़कर महंगे केबल वायर को काटकर चोरी कर लेते हैं। इसके बाद केबल वायर के उपरी प्लास्टिक कवर को छिलकर तांबा अलग करके बाजार में बेच देते हैं। किसानों ने बताया कि ये चोर रात में एक्टिव होते हैं। रात में खेतों में कोई नहीं होता है। सन्नाटा का फायदा उठाकर इत्मिनान से चोरी करते हैं। इससे पकड़े जाने का खतरा भी कम होता है।

# धमतरी में 5 अप्रैल को कबीर स्मृति महोत्सव



**धमतरी।** यथार्थ फाउंडेशन धमतरी, संत कबीर सेवा संस्थान देवपुर, कबीर योग ध्यान व शोध संस्थान भालूकोन्हा बालोद तथा छत्तीसगढ़ संत संगठन सदगुरु कबीर विश्व शांति मिशन के सहयोग से धमतरी में 5 अप्रैल को परख कार्यक्रम, कबीर स्मृति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संत गुरुभूषण साहेब सूरत गुजरात होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक व संरक्षक संत रविकर साहेब ने बताया कि कार्य योजना के लिए 22 मार्च को 11 बजे कबीर संस्थान धमतरी में मीटिंग रखी गई है।

# नाबालिग बच्चियों के देह व्यापार के आरोपियों को फांसी देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी तथा छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने नाबालिग बच्चियों को वेश्यावृत्ति में धकेलने वाले आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। राष्ट्रपति के नाम जिलाधीश को क्रांति सेना और जोहार छग पार्टी ने ज्ञापन सौंपकर कहा है कि छत्तीसगढ़ की 50 नाबालिग बच्चियों को रोजगार देने का बहाना बनाकर बिहार के रोहतास जिला ले गए। उन्हें बंधक बनाकर मारपीट कर देह व्यापार के लिए मजबूर किया गया। अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। घटना को छिपाने की कोशिश की जा रही है। इससे क्रांति सेना और जोहार पार्टी में भारी आक्रोश है। प्रदेश में बहन-बेटी की इज्जत से खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए। पीड़ितों के परिजनों ने मुआवजा देने की मांग करते हुए कहा है कि न्याय नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## डॉक्टरों की कमी से मरीजों को हो रही परेशानी

# डॉक्टरों के लगातार इस्तीफे से जिला अस्पताल का कठिन दौर शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अस्पताल के संविदा डॉक्टरों का एक के बाद इस्तीफा देने का सिलसिला शुरु हो गया है। डॉक्टरों के लगातार इस्तीफे के कारण जिला अस्पताल का कठिन समय शुरु हो गया है।

जिले के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल जिला चिकित्सालय में रोजाना 500 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। जिला अस्पताल में जिले के ही नहीं चार से पांच पड़ोसी जिले के मरीज भी इलाज के लिए आते हैं जिसके कारण अस्पताल हमेशा मरीजों से भरा रहता है। लेकिन अस्पताल में एनएचएम के तहत संविदा में पदस्थ डॉक्टर एक के बाद एक इस्तीफा दे रहे हैं। इससे अस्पताल में मेडिकल आफिसर/डॉक्टर्स की कमी होना शुरु हो गया है। वैसे भी जिला चिकित्सालय पहले से ही विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्सा अधिकारी व रेडियोलाजिस्ट, टेक्नीशियन सहित स्टाफ की समस्या से जूझ रहा है।




शासन द्वारा एनएचएम के माध्यम से संविदा पर कुल 11 डॉक्टर्स पदस्थ किया गया था। लेकिन वर्ष 2024 से संविदा डॉक्टरों का जिला अस्पताल से मोहभंग होता चला गया। बीते वर्ष 6 संविदा डाक्टरों ने इस्तीफा देकर जिला अस्पताल छोड़ दिया। इनमें से कुछ डाक्टर आगे की पढ़ाई के कारण व कुछ अन्य कारणों से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा का सिलसिला वर्ष 2025 में भी जारी है। अस्पताल में पदस्थ एकमात्र स्पेशलिस्ट सर्जन डा. उत्कर्ष नंदा ने भी प्रबंधन से सामंजस्य नहीं बैठने के कारण मार्च में जिला अस्पताल को अलविदा कह दिया। वहीं चिकित्साधिकारी डा.यश साहू ने आगे की पढ़ाई जारी रखने 18 मार्च को इस्तीफा दे दिया है।

अब तक जिला अस्पताल से 8 संविदा डाक्टरों ने इस्तीफा दे दिया है जिसके कारण अस्पताल में मेडिकल आफिसर की कमी होने लगी है। वहीं अस्पताल के नियमित चिकित्सकों पर वर्कलोड बढ़ गया है। इस तरह की स्थिति में उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों को परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। अस्पताल में डाक्टरों की कमी की समस्या आगामी दिनों और बढ़ती जाएगी, क्योंकि आने वाले दो महीने में अस्पताल में पदस्थ मेडिसीन स्पेशलिस्ट डॉ. संजय वानखेड़े सेवानिवृत हो रहे हैं। वहीं एक दो डाक्टर ने भी अस्पताल से चले जाने का मन बना दिया है। इन परिस्थितियों में जिला अस्पताल को कठिन दौर से गुजरना पड़ेगा। समय रहते शासन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा डाक्टरों की हो रही कमी की समस्या को गंभीरता से लेकर समाधान किया जाता है तो मरीजों को परेशान होने से बचाया जा सकता है।

### चिकित्सा विशेषज्ञ व मेडिकल स्पेशलिस्ट की कमी

जिला अस्पताल में 11 चिकित्सा विशेषज्ञों के पद रिक्त हैं, जिसमें सर्जिकल विशेषज्ञ के दो पद, शिशुरोग विशेषज्ञ दो पद, स्त्री रोग एक पद, निश्चेतना विशेषज्ञ एक पद, पैथालॉजिस्ट एक पद, नाक कान गला एक पद, हड्डी रोग विशेषज्ञ एक पद व मनोरोग स्पेशलिस्ट के दो पद रिक्त हैं। अस्पताल में अनुबंधित दो व एनएचएम के तहत चार डाक्टर कार्यरत हैं।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**



### बगौद के ग्रामीण डोंगरगढ़ के लिए रवाना

**अंवरी।** ग्राम बगौद निवासी चुनेंद्र पटेल वार्ड पंच बनने पर मुहल्लेवासियों को घुमाने के लिए डोंगरगढ़ ले गए। वे बस से रवाना हुए। इससे मुहल्लेवासियों में हर्ष व्याप्त है।

### रूक्मणि को शिक्षा, खिलावन को आवास

■ नपं में पीआईसी का गठन कर सौंपी गई जिम्मेदारी

**मगरलोड।** नगरीय निकाय चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात अध्यक्ष, पार्षदों के शपथ ग्रहण के बाद उपाध्यक्ष की नियुक्ति की गई। नगर पंचायत को विकास की गति देने अध्यक्ष लीलेश साहू द्वारा 20 मार्च गुरुवार को पीआईसी का गठन किया गया। नगर पंचायत के 15 पार्षद एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में पीआईसी की गठन कर जिम्मेदारी दी गई। वार्ड क्र. 13 की रूक्मणि सिन्हा को शिक्षा तथा महिला बाल विकास कल्याण समिति, वार्ड क्र. 12 के पार्षद सुरेश साहू को राजस्व तथा बाजार समिति एवं पुनर्वास नियोजन समिति, वार्ड क्र. 9 के पार्षद खिलावन साहू को आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण एवं जल कार्य विभाग, वार्ड क्र. 15 के पार्षद हिरवानी ठाकुर को स्वास्थ्य चिकित्सा, खादय एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, वार्ड क्र. 10 की पार्षद तिजेश्वरी लोमसिंह साहू को विधि, सामान्य प्रशासन तथा सामान्य प्रयोजन समिति की जिम्मेदारी दी गई है।

**निधन**

### चैनसिंग साहू



**मगरलोड।** ग्राम बेलोरा निवासी सेवानिवृत प्रधानपाठक चैनसिंग साहू 67 वर्ष का निधन 19 मार्च को हो गया। वे युवराज साहू के पिता व रोशन साहू के बड़े भाई थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### मोतीराम सिन्हा



**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम चिटौद के पूर्व सरपंच मोतीराम सिन्हा 62 वर्ष का आकस्मिक निधन 20 मार्च को सुबह 8 बजे हो गया। वे विवेक सिन्हा, हिमांशु सिन्हा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर स्वजन एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

मेघा, भेण्डरी, सांकरा और मगरलोड में किया विकास कार्यों का निरीक्षण

# कलेक्टर ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा कुरूद अनुभाग के कई गांवों में पहुंचे। उन्होंने उमरदा, भरदा में भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से बात की और इसकी गुणवत्ता और राजमार्ग के बनने में लगने वाले समय की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने मगरलोड प्रवास के दौरान मेघा में महानदी पर बन रहे पुल के काम की भी जानकारी ली। उन्होंने इस पुल का काम निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कराने को कहा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि पुल के बन जाने से आसपास के ग्रामीणों को आवाजाही में सुविधा होगी।



### महतारी सदन का निरीक्षण

कलेक्टर ने मेघा में निर्माणाधीन महतारी सदन का भी निरीक्षण किया। लगभग 50 महिलाओं के बैठने की क्षमता वाला यह सदन 24 लाख 70 हजार रूपये की लागत से बनाया जा रहा है। दो मंजिला इस भवन में दो बड़े हॉल, ऑफिस, किचन, स्टोर रूम आदि की व्यवस्था की जा रही है। महिलाओं की मांग पर कलेक्टर ने इस महतारी सदन में शौचालय निर्माण को भी स्वीकृति दी। ग्रामीणों ने गांव में निस्तारी पानी और स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर की समस्या से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने इन समस्याओं के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया।

### जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग

ग्रामीणों ने मोहंदी से दुगली सड़क के जर्जर होने के बारे में कलेक्टर को बताया। इसके साथ ही मेघा से नयापारा मेन रोड में बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने की शिकायत भी ग्रामीणों ने कलेक्टर से की। कलेक्टर ने इन दोनों सड़कों के बारे में संबंधित अधिकारियों से बात कर इनकी मरम्मत के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

### पानी टंकी के अक्रियाशील होने पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने सेन्हाभाठा में बनी पानी की टंकी के अक्रियाशील होने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई। अधिकारियों ने बताया कि पानी की टंकी में लीकेज होने के कारण इससे गांव में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही थी। कलेक्टर ने इसकी तत्काल मरम्मत कराने और पानी टंकी को भरने के लिए एक बोरवेल खुदवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



### स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

कलेक्टर मेघा के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहुंचे और यहां की स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने यहां संस्थागत प्रसव के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को मातृवंदन योजना, प्रसूति सहायता योजना, जननी सुरक्षा योजना आदि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### अमृत सरोवर का निरीक्षण

आकस्मिक निरीक्षण पर मेघा पहुंचे कलेक्टर ने सेन्हाभाठा अमृत सरोवर का भी औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने यहां लगी लाइट और बनी पचरी की गुणवत्ता की तारीफ की। उन्होंने सरोवर के किनारे पंचायत फंड से लगे टाईल्स की प्रशंसा की। कलेक्टर ने यहां उपस्थित मछुआ समुदाय के लोगों से बात की।

## भखारा-भठेली नपं में हुआ पीआईसी सदस्यों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी






■ पीआईसी में पचास प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी

नगर पंचायत भखारा-भठेली में कार्यों की नई शुरुआत हो रही है। होली त्योहार के बाद नगर द्वय के विकास की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। अध्यक्ष ज्योति हरख जैन की अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय में पीआईसी का गठन कर सदस्यों को विभागों का वितरण किया गया।

अध्यक्ष ज्योति जैन ने बताया कि विष्णु साहू उपाध्यक्ष को शिक्षा, महिला तथा बाल कल्याण विभाग, अंजु साहू को पुनर्वास, नियोजन, विधि, सामान्य प्रशासन विभाग, छबिलाल निर्मलकर को राजस्व तथा बाजार विभाग, भूपेश्वरी चंदेल को खाद्य नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य, चिकित्सा विभाग, हितेंद्र साहू को आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण विभाग एवं जलकार्य विभाग का दायित्व दिया गया है। सहयोगी सदस्यों की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि कैबिनेट में सभापति का गठन होने से कार्यों में पारदर्शिता और कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। शीघ्र ही पहली बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें भखारा भठेली में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। विकास के लिए विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। परिषद की पहली बैठक के लिए बजट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नगर के 15 वार्डों में विकास कार्यों के लिए पार्षदों से अनुशंसा पत्र मंगाने का निर्देश जारी किया गया है। नियुक्ति पत्र की सूचना नपं भखारा, नगरीय निकाय एवं विकास विभाग को भेजी गई है। यह कदम नगर पंचायत के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों सहित सीएमओ, कर्मचारी पेयजल व्यवस्था, पानी शुद्धिकरण, सार्वजनिक टॉयलेट्स के मेंटेनेंस, सफाई पर फोकस कर अलग-अलग वार्डों का दौरा कर दिशा-निर्देश दे रहे हैं। निर्माणाधीन सामुदायिक भवन वार्ड 10, बोरखनन, पानी टंकी कोलियारी रोड, अटल परिसर, बस स्टैंड, वार्ड 6 की नाली, शीतला तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## महाव्यापारी संघ के विश्वजीत अध्यक्ष व सुकदेव सचिव बने

■ सत्येन्द्र निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने गए, चुनाव में 242 व्यापारियों ने डाले वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



महाव्यापारी संघ मगरलोड भैंसमुण्डी का चुनाव कृषि उपज मण्डी प्रांगण मगरलोड में हुआ। महाव्यापारी संघ के सभी सदस्य एक दिन के लिये अपने प्रतिष्ठान बंद करके चुनाव में शामिल हुये। नये प्रतिष्ठान वाले व्यापारियों ने सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद चुनावी प्रकिया प्रारंभ हुई। घनश्याम साहू को सभापति व घनश्याम बिंझेकर, मैनसिंह हिरवानी, यशवंत साहू, यतीन्द्र साहू, बसंत साहू और मानसिंह साहू को चुनाव अधिकारी बनाया गया।

महाव्यापरी संघ के अध्यक्ष पद के लिए यादराम गायकवाड़, राजू चन्द्राकर और विश्वजीत ने दावेदारी की। उपाध्यक्ष पद के लिए जगमोहन साहू और देवेन्द्र साहू मैदान में थे। सचिव पद के लिए सुकदेव साहू और देवराज देवांगन ने दावेदारी पेश की। चुनाव के लिए एक मतदान केन्द्र बनाया गया। कुल 242 व्यापारियों ने अपने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार यादराम गायकवाड़ को 77 मत, राजू चन्द्राकर को 79 मत और विश्वजीत साहू को 82 मत मिले। इस प्रकार विश्वजीत साहू 3 वोट से विजयी होकर महाव्यापारी संघ मगरलोड भैंसमुण्डी के अध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष पद के लिये जगमोहन साहू को 74 मत व देवेन्द्र साहू को 166 मत मिले। देवेन्द्र साहू 92 मत से विजयी होकर उपाध्यक्ष बने। सचिव पद के लिए सुकदेव साहू को 131 मत व देवराज देवागंन को 106 मत मिले। सुकदेव साहू 25 वोट से विजयी होकर सचिव पद की कमान सभालेंगे। सत्येन्द्र साहू को निर्विरोध कोषाध्यक्ष बनाया गया।

## दर्शकों ने लिया फाग गीत-नृत्य का आनंद




हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

■ भठेली में हुआ छत्तीसगढ़ मानस संगठन का होली मिलन

छत्तीसगढ़ मानस संगठन भखारा तहसील द्वारा होली मिलन एवं फाग सम्मेलन का आयोजन भठेली में किया गया था। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष चंपेश्वरसिंह राजपूत, धमतरी जिलाध्यक्ष शारदादास मानिकपुरी, बालोद जिला कोषाध्यक्ष दिनेश्वर गंगबेर थे। जय चंडी महिला मानस मंडली सिंगदेही, सीतांशी मानस मंडली सिंगदेही, सत्योम मानस मंडली बोड़रा ने अपनी प्रस्तुति दी। श्री कृष्णा जस झांकी एवं फाग मंडली गातापार, संगी जहुरिया फाग मंडली छिपली मगरलोड द्वारा कृष्ण जन्म की मार्मिक कथा, कंस के अत्याचार की झांकी दिखाई गई। गातापार की फाग मंडी ने राजा मौरध्वज की कथा को प्रस्तुत किया। इस दौरान दर्शकों के बीच गुलाल और फूलों की होली संगठन और फाग कलाकारों द्वारा खेली गई। देर रात्रि दर्शकों ने फाग गीत, नृत्य का आनंद लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि छग मानस संगठन के आजीवन सदस्य रोशन केला थे। अध्यक्षता होमेंद्र साहू आजीवन सदस्य ग्राम भैंसबोड़ ने की। विशिष्ट अतिथि अविनाश गौर पार्षद, प्रांतीय प्रमुख सलाहकर मनमोहन साहू, प्रांतीय महासचिव राधामनमोहन साहू, जिला उपाध्यक्ष धनेश्वरी साहू, पूर्व पार्षद गोपालन साहू, चेतन साहू आजीवन सदस्य, जिला सचिव दुलरवाराम साहू थे। मंच संचालन एसडी मानिकपुरी व आभार प्रदर्शन नितेश मानिकपुरी ने किया।



इस आयोजन में तहसील मानस संगठन अध्यक्ष नितेश मानिकपुरी, उपाध्यक्ष रविकुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुनील साहू, सचिव वैभव किरण, सहसचिव धर्मेंद्र वैष्णव, महिला उपाध्यक्ष शशिकला साहू, प्रचार सचिव लक्ष्मी देवरी, संरक्षक डाकेश साहू, संतोषी निषाद, अजय जैन, जितेंद्र तेलासी, होमेंद्र साहू, बीरसिंग़ यादव, कन्हैया साहू, डुमेंद्र गंगबेर, टिलेश्वर बैस, लुकेश साहू, चिराग सोन, चेतना साहू, लोकेश साहू का योगदान रहा।

## ब्लाक के पंचायत सचिव अनिशिचतकालीन हड़ताल पर

■ 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने का फैसला लिया गया

■ जन्म, मृत्य प्रमाण-पत्र समेत अन्य जरूरी काम हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगरी ब्लॉक के 102 ग्राम पंचायत सचिवों ने अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर 18 मार्च से अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया। सचिवों द्वारा विधानसभा घेराव किया गया था। उसके बाद नगरी ब्लॉक मुख्यालय में रावणभाटा मैदान नगरी में हड़ताल शुरू की। 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने का फैसला लिया है। पंचायत सचिवों की हड़ताल से पंचायत स्तर के सभी कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। शासन की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा, पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना जैसे विभिन्न कामकाज पहले दिन ही प्रभावित हो गए। पंचायत सचिवों ने कहा कि उन्हें सबसे कम वेतन दिया जाता है। सरकार ने उनकी मांगों को दरकिनार किया है।

इधर सचिवों की हड़ताल से बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड के लिए भटकना पड़ रहा है। सचिवों ने बताया कि सरकार द्वारा 29 विभागों का कार्य हमारे द्वारा किया जाता है। बावजूद आज तक शासकीयकरण नहीं किया गया है।

धरने पर अध्यक्ष अनित ध्रुव, सचिव रैनकुमार नेताम, उपाध्यक्ष खूबचंद ध्रुव, लक्ष्मी साहू, कोषाध्यक्ष पीलाराम सेन, सहसचिव सुखदेव भारती, भूपेंद्र साहू, संरक्षक मदन सेन, आसत समस्थ, बुधराम नेताम, भीखराय कुलदीप, बुधराम, गैंदलाल साहू, थानसिंह देवांगन, रामकुमार एल्मा, सुरेश, हुलेश प्रजापति, भरोसकुमार साहू, प्रभुलाल सिन्हा, थानूराम देवदास, बालाराम नरेटी, भोलाराम साहू, लक्ष्मी साहू, गोकुल नेताम, छबिलाल मरकाम, संतोष ध्रुव, राधेराम मरकाम, कृष्ण नेताम, भूपेंद्र देवांगन, विष्णु बघेल, विनोद जैन, हरिशंकर साहू, दयालु निषाद, खिंजनलाल भंडारी, बलराम चंदन, अरुण साहू, बिसंतीन नेताम, लखनराम मरकाम, मिश्रीलाल नाग, विष्णु नेताम समेत ब्लाक के सचिव उपस्थित थे।

## जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा ने श्रीफल भेंटकर किया मजदूरों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने काम करने वाले महिला मजदूरों को श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। श्री सार्वा नगरी ब्लाक के कई गांवों में सब्जी बाड़ी फार्म संचालित कर रहे हैं। वे अपने फार्म में कार्यरत महिला मजदूरों से मिलने पहुंचे। बिरनपुर, फरसियां, कल्लेमेटा, गढ़ियापारा में कार्यरत महिला मजदूर श्री साव को कड़ी धूप में अपने बीच देखकर गदगद हो गई। वहीं श्री सार्वा ने अपने फार्म हाउस में काम करने वाले मजदूरों से मुलाकात कर हालचाल जाना और सभी को श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर श्री सार्वा ने कहा कि मेहनत कभी परास्त नहीं होती, बस लगन होनी चाहिए। काम करने के लिए जुनून की जरूरत पड़ती है।

## तहसील साहू समाज की हुई बैठक



■ बैठक में होली मिलन एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

तहसील साहू समाज कुरूद की बैठक तहसील भवन कुरूद में हुई जिसमें होली मिलन एवं अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम साहू, लखनलाल साहू सचिव, निरंजन साहू, रमेशर साहू, रामप्यारे साहू, सुनील साहू, तोरणलाल साहू, रघुनंदन साहू, प्रेमलाल साहू, उत्तम साहू, देवरथ साहू, भुनेश्वर साहू, पोषण साहू, हरिनारायण साहू, इंदल साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## मंडी प्रांगण में मनाया गया होली मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭भखारा

नगर पंचायत भखारा के कृषि उपज मंडी प्रांगण में ग्राम पटेल सम्मेलन का आयोजन हुआ। होली मिलन समारोह भी मनाया गया। इस अवसर पर नपं भखारा के उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने ग्राम पटेल की भूमिका और होली त्योहार की महत्ता पर प्रकाश डाला। मौके पर नपं अध्यक्ष ज्योति जैन, तहसीलदार भूपेन चंद्राकर समेत अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari
आनंद उत्सव
जियो पेट्रोल पंप के सामने, अर्जुनी, रायपुर रोड, धमतरी
संपर्क करें : परमानन्द सिन्हा 9560298043, 8178069165
पारिवारिक मांगलिक कार्य - विवाह, सगाई, जन्मदिन, वर्षगांठ, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, प्रदर्शनी एवं कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

सबसे कम दाम
SANJAY ARTS
सबसे अच्छा काम
फ्लेक्स प्रिंटिंग — फ्लैक्स बेनर, फ्लैक्स बोर्ड ग्लोसाईन बोर्ड, सनबोर्ड सनपैक बोर्ड, विनायल प्रिंटिंग
मल्टीकलर प्रिंटिंग — शादी कार्ड, आमंत्रण कार्ड, विजिटिंग कार्ड एवं अन्य प्रिंटिंग कार्य किया जाता है
LED बोर्ड — ए.सी.पी., एल.ई.डी., चाबी रिंग कटिंग, नम्बर प्लेट कर तुरंत तैयार किया जाता है
मार्बल एवं ग्रेनाईट पत्थर — लोकार्पण, शिलान्यास, उद्घाटन एवं भवनों के नेम प्लेट कम्प्यूटर द्वारा खुदाई कर बनाया जाता है
रेडियम कटिंग — नम्बर प्लेट, टेबलनेम प्लेट, IND नम्बर, दिवाल नेम प्लेट लोकार्पण, भूमिपूजन कार्य
CNC राउटर कटिंग — वुडन, ए.सी.पी., कोरियन कटिंग एक्रेलिक वर्क एवं गिफ्ट आयटम
ACP WORK — भवनों, ऑफिसों, शोरुम, दुकानों आदि में उच्चक्वालीटी ACP कार्य किया जाता है
सिहावा रोड, फॉरेस्ट ऑफिस के सामने, धनवंतरी (सी.मार्ट.) के बाजू, धमतरी 9827111438, 9685928560, 7000909964

## खबर संक्षेप



### कुर्रा में श्रीमद् भागवत कथा जारी

**अंवरी।** ग्राम कुर्रा में नौ दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का आयोजन किया गया है। पहले दिवस कलश यात्रा निकली गई। महिलाओं ने अपने सिर पर कलश लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया। कथावाचक अंगेश्वर प्रसाद मिश्रा के मुखारविंद से ग्रामीण कथा का श्रवण कर रहे हैं।

### वन विभाग ने अवैध कब्जा हटाया





**नगरी।** सांकरा रोड में वन विभाग के कर्मचारियों के लिए आवास बनाया गया है लेकिन बाउंड्री करने के लिए कई महीने लग गए। कछुआ चाल से निर्माण कार्य चल रहा है। उससे लगे खाली जमीन पर अवैध कब्जा किया गया था। जिसे वन विभाग द्वारा कुछ महीने पहले हटाया गया था। उसके बाद फिर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर लिया। वन विभाग नगरी की टीम ने दलबल के साथ गुरुवार को उसके घर के सभी सामानों को रोड किनारे लाकर रख दिया और बनी अवैध झोपड़ी को तोड़ दिया। झोपड़ी में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह यहां पर कच्चा मकान बनाकर करीब 15 साल से रह रहा है। बिना नोटिस के वन विभाग ने उसके मकान को तोड़ दिया। सामान को रोड किनारे लाकर रख दिया। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा आसपास के कुछ लोगों को आने-जाने के लिए रास्ता दिया गया है। वन विभाग ने उसके साथ भेदभाव किया है।

### गायत्री परिवार की बैठक 23 मार्च को

**धमतरी।** गायत्री परिवार जिला संयुक्त समन्वय समिति की बैठक 23 मार्च को सुबह 11 बजे रिसाईपारा स्थित गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में माताजी के जन्म शताब्दी समारोह के साथ अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने गायत्री परिवार के सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

नल कनेक्शन में बरती गई लापरवाही, कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

# ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए सिवनीकला सरपंच एक्शन मोड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत सिवनीकला में जल जीवन मिशन अतर्गत पाइपलाइन बिछाने एवं नल कनेक्शन देने में ठेकेदार, पूर्व सरपंच एवं इंजीनियर की लापरवाही का मामला सामने आया है।

गर्मी के मौसम में पानी की समस्या विकराल होने लगी है। ग्राम सिवनीकला में नलजल योजना के मामले को गंभीरता से लेते हुए सरपंच, उपसरपंच, जनपद सदस्य एक्शन मोड में आ गए हैं। इसकी गहराई से निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्यवाही की मांगों को लेकर लता जितेश्वर ध्रुव सरपंच, दीपदान साहू उपसरपंच, टेकराम साहू जनपद सदस्य सिवनीकला सहित अन्य ग्रामीणों ने 20 मार्च को कलेक्टर अविनाश मिश्रा को शिकायत्र पत्र सौंपा। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने





बताया कि ग्राम सिवनीकला में लगभग 20 वर्ष से नल जल योजना संचालित हो रही थी। नल कनेक्शन से प्रत्येक घर में पानी सुचारू रूप से पहुंच रहा था। लेकिन बीते वर्ष प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन योजना के तहत दोबारा ठेकेदार ने लगभग 5 हजार मीटर पाइप अव्यवस्थित रूप से लगाकर एवं फिजूल कनेक्शन सब्जी बाड़ी एवं ब्यारा में दिया है। इसके अलावा जहां मकान भी नहीं है वहां कनेक्शन देना, घरों में डबल कनेक्शन देना एवं कई जगह कनेक्शन अधूरा छोड़ रखना जैसे लापरवाही की गई है। जिस मोहल्ले में पहले से पाइप लगा है, उसी मोहल्ले में और जबरदस्ती डबल पाइप लगाया गया है। ठेकेदार, इंजीनियर, पूर्व सरपंच की लापरवाही का खामियाजा 100 से भी ज्यादा घरों के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

गर्मी में पानी की एक बूंद-बूंद के लिए ग्रामीण तरसने को मजबूर हैं। जबकि इससे पूर्व पुरानी पाइपलाइन से सुचारू रूप से प्रत्येक घर में पानी की सप्लाई हो रही थी। अब जिम्मेदार व्यक्तियों के निजी स्वार्थ के चलते गर्मी में सिवनीकला के ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कलेक्टर को इस मामले से गुरुवार को अवगत कराया और इसकी गहराई से निष्पक्ष जांच करने सहित त्वरित उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पूर्व व्यवस्था के अनुसार हर मोहल्ले के घरों में पानी पहुंचाना, फिल्टर मशीन एवं मोनोब्लॉक के अधूरे काम को तत्काल पूरा करना जैसी उनकी मांग शामिल है।

कलेक्टर से शिकायत करने के दौरान सुशील साहू पूर्व सभापति जपं कुरूद, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, जितेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि एवं पंचगण सुरेश, सुषमा, सरस, किशन, लोमश, राधिका, कृष्णकुमार, पुरूषोत्तम उपस्थित थे। सिवनीकला के पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की शिकायत पर कलेक्टर अविनाश मिश्रा ने त्वरित जांच कराने एवं कड़ी कार्रवाई करने की बात कही।

## नगर पंचायत कुरुद में हुई पीआईसी की पहली बैठक



- अध्यक्ष ज्योति ने नगर उत्थान के लिए पार्षदों से प्रस्ताव मांगा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर पंचायत कुरूद की अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर की अगुवाई में पीआईसी की पहली बैठक हुई जिसमें जनहित से जुड़े विभिन्न प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। साथ ही नगर उत्थान योजना के लिए सभी वार्डों के पार्षद से विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव मंगाया है। नपं कुरूद के सभाकक्ष में गुरुवार को हुई पीआईसी की पहली बैठक में सर्वप्रथम नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष देवव्रत साहू को शपथ ग्रहण कराया गया। तत्पश्चात नगर हित से जुड़े विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, सभापति महेन्द्र गायकवाड़, मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव ने विचार विमर्श कर कई प्रस्तावों पर सहमति की मुहर लगाई। जिसमें पुराने काम, अतिरिक्त सफाई कर्मी भर्ती, पानी टैंकर, सड़क किनारे पेड़ों के चबूतरे का सौदर्यीकरण, सौर उर्जा लाइट, शव वाहन, गेट निर्माण जैसे मुद्दे शामिल हैं। अध्यक्ष श्रीमती चन्द्राकर ने सभी पार्षदों से कहा कि जितना जल्द हो सके अपने वार्ड की समस्या या विकास कार्य का प्रस्ताव बनाकर दें, ताकि नगर उत्थान योजना में शामिल कराने शासन को भेजा जा सकें। उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने नगर में बढ़ते आपराधिक मामलों को देखते हुए नगर के प्रमुख चौक-चौराहों और मुख्य मार्ग में निकाय के खर्च पर हाईपावर सीसी कैमरे लगवाने के सुझाव दिए। बैठक में पार्षद रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, सीएमओ महेन्द्र गुप्ता, बीआर सिन्हा सहित सहयोगी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बारहवीं पास युवाओं को मिलेगी कम्प्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की ट्रेनिंग

**धमतरी।** जिले के बारहवीं पास युवाओं को कम्प्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की ट्रेनिंग मिलेगी। इस 300 घंटे की अवधि वाली ट्रेनिंग के लिए लाईवलीहुड कॉलेज में 22 मार्च तक आवेदन लिए जाएंगे। संस्था के परियोजना अधिकारी ने बताया कि जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों से ट्रेनिंग के लिए आने वाले युवाओं को निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था भी मिलेगी। प्रशिक्षण के बाद ख्यातप्राप्ति प्रतिष्ठित संस्थानों में नियोजन भी कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण के लिए आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

## भखारा में पीएम आवास के आवंटन में भेदभाव

**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा में प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता का



मामला आया है। नगर के झामन गर्ग ने इस मामले की जांच के लिए कलेक्टर कार्यालय में लिखित आवेदन पेश किया है। शिकायतकर्ता झामन गर्ग ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि जिनके पास 20 से 40 एकड़ खेत, पक्के मकान व काम्पलेक्स हैं, इनको पहले आवास दिया गया है। जबकि शासन द्वारा तय नियम में कच्चे मकान में निवासरत जिनकी सालाना आमदनी 3 लाख से कम हो, वे ही लोग प्रधानमंत्री आवास की पात्रता रखते हैं। यहां पात्र हितग्राहियों को पीएम आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से अनुरोध किया है कि गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों को योजना का लाभ दिया जाए। अपात्र लोगों को षड्यंत्रपूर्वक दिए गए आवास की जांच कर इसमें संलिप्त कर्मचारी को बर्खास्त किया जाए और आवास आवंटन की राशि पर रिकवरी की कार्रवाई की जाए।

## कांग्रेसियों ने शहर में चलाया हस्ताक्षर अभियान



- इतवारी बाजार स्थित पुराने अस्पताल का जीर्णोद्धार जल्द कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इतवारी बाजार के पास 132 साल पुराने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का हमर अस्पताल में उन्नयन किया जाना है। 15 माह पहले अस्पताल को तोड़ने का काम शुरू हुआ था पर काम को रोक दिया है। इसे लेकर कांग्रेसियों ने शहर में हस्ताक्षर अभियान प्रारम्भ कर अस्पताल का निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग की है। हजारों लोग हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए। गीतराम सिन्हा ने कहा कि हमर अस्पताल के निर्माण कार्य को बंद करने 16 जनवरी को आदेश जारी किया गया है, काम क्यों बंद कराया है। ये सभी जानना चाहते हैं। अस्पताल का जीर्णोद्धार करने पुराने भवन को तोड़ा गया काम शुरू हुआ पर पर इसे रोक दिया है। इससे 40 वार्ड के लोग प्रभावित हैं। अस्पताल में महिलाओं की डिलीवरी होती थी जो बंद है। सभी को जिला अस्पताल भेजना पड़ता है। ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि यह प्राचीन अस्पताल है जहां शहर के हर वर्ग के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आश्रित हैं। ऐसे प्राचीन अस्पताल को शासन द्वारा जहां सहेजने की जरूरत है वहां अस्पताल को तोड़ने का काम किया जा रहा है। हस्ताक्षर अभियान की कॉपी कलेक्टर धमतरी, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री भारत सरकार को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि अस्पताल का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ नहीं होने पर जन आंदोलन किया जायेगा।

## पोषण आहार की गुणवत्ता और वितरण में लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई

- कलेक्टर ने पोषण परिचालन समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और 3 साल तक के छोटे बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता और उसके वितरण में लापरवाही बरतने पर अब सीधी कार्रवाई होगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिला स्तरीय पोषण परिचालन समिति की बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों और महिलाओं के पोषण और शारीरिक विकास से जुड़े इस मुद्दे पर किसी तरह का समझौता नहीं करने की बात कही। कलेक्टर ने निर्धारित मात्रा में पोषण आहार देने, निर्धारित गुणवत्ता में पोषण आहार बनाने और उसका निर्धारित समय में वितरण करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने पोषण आहार भण्डारण वाली जगहों पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने और अनावश्यक रूप से एक साथ अधिक मात्रा में पोषण आहार बनाकर भण्डारित नहीं करने के निर्देश भी दिए।

जिला स्तरीय इस पहली बैठक में कलेक्टर ने पोषण ट्रेकर एप के संचालन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा इस एप में आंगनबाड़ी खुलने का समय, दर्ज कुल बच्चे, प्रतिदिन की उपस्थिति, नाश्ता देने से लेकर गर्भवती महिलाओं और शिशुवती माताओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य की पूरी जानकारी सही-सही दर्ज करने को कहा। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी आने वाले बच्चों को प्रतिदिन गर्म और पौष्टिक भोजन कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी जगरानी एक्का सहित विभागीय परियोजना अधिकारी एवं सुपरवाईजर भी मौजूद रहे।

## होली मिलन में महापौर को मिट्टी के मटके व सुराही किया भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुंभकार समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा को समाजजनों द्वारा अपने हाथों से निर्मित मिट्टी के मटके व सुराही भेंट की गई। समाज के अध्यक्ष दिनेश्वर कुंभकार ने समाज की मूलभूत समस्याओं के निराकरण की मांग की। अंचल के वीर सपूत अमर शहीद मिंधू कुम्हार को उचित स्थान दिलाने मांग पत्र सौंपा।

होली मिलन समारोह का संबोधित करते हुए महापौर श्री रोहरा ने कहा कि कुम्हार समाज का इतिहास अत्यंत प्राचीन व गौरवशाली रहा है जिसमें अनेक संत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व अमर शहीद मिंधू कुम्हार जैसे क्रांतिकारी ने जन्म लिया जिन्होंने समाज सेवा व देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कुंभकार समाज की मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सभापति कौशल्या देवांगन, पार्षद कोमल सार्वा, संतोष सोनकर, अखिलेश सोनकर, संजय देवांगन, अनीता अग्रवाल, विभा चंद्राकर, भारती साहू, हिमानी साहू, आशा लोधी, समाजसेविका शशिप्रभा तिवारी, गणेशराम सोनकर उपस्थित थे।

## सखी वन स्टॉप सेंटर से 214 प्रकरणों का निपटारा

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर की गतिविधियों की समाक्षा की। उन्होंने इस सेंटर में महिलाओं से संबंधित हिंसा, शोषण, साइबर अपराध, सम्पत्ति विवाद जैसे सभी प्रकरणों की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 11 महीने में धमतरी जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से 214 प्रकरणों का निपटारा कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि सेंटर के माध्यम से 350 से अधिक महिलाओं को पुलिस सहायता, विधिक सहायता, चिकित्सा सुविधा, काउंसिलिंग, आश्रय जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। कलेक्टर ने पीड़ित महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से हरसंभव सहायता समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**न्यायालय नजूल तहसीलदार के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202503132100009/139**
विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:-राजस्व
सन्:-2024-2025
धमतरी प.ह.नं. 00033 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - लक्ष्मीनारायण यादव,
अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक लक्ष्मीनारायण यादव पिता स्व. विष्णुराम यादव निवासी हटकेशर वार्ड धमतरी तह. व जिला धमतरी के द्वारा हटकेशर वार्ड धमतरी स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 18बी, भू-खण्ड क्रमांक 56/2, क्षेत्रफल 103.00 वर्गमीटर, जो धारक घुरवा बाई पिता जगनू पति स्व. विष्णुराम यादव के नाम पर अभिलेख में दर्ज है। उक्त वर्णित भू-खण्ड के धारक घुरवा बाई की मृत्यु दिनांक 22/12/2024 को हो चुकी है। अतः उक्त आवेदित भू-खण्ड से मृत धारक घुरवा बाई का नाम अभिलेख से विलोपित कर उनके वैध वारिसान प्रवीण कुमार एवं देवेन्द्र कुमार दोनों अज्ञान पालक पिता लक्ष्मीनारायण यादव के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत सुनवाई दिनांक 08-04-2025 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/03/2025 को जारी किया जाता है।

Khyati Kanwar
नजूल तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

जिले में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न सहायता योजना की शुरुआत

# श्रमिकों को 5 रुपये में मिलेगा भरपेट खाना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- गरीबों का उत्थान ही हमारा संकल्प: रामू रोहरा

श्रमिकों को अब 5 रूपये में भरपेट खाना मिलेगा, जिससे उनके समय में बचत होगी। इसके लिए जिले में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न सहायता योजना की शुरूआत हो गई है। तहसील कार्यालय के पास गांधी मैदान धमतरी में महापौर रामू रोहरा ने इसकी शुरूआत की।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विश्वकर्मा जयंती पर 17 सितम्बर को इस



योजना की शुरूआत की थी। धमतरी जिले में योजना की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का उत्थान ही हमारा संकल्प है। योजना के तहत श्रमिकों को 5 रूपये में पौष्टिक और स्वादिष्ट भरपेट खाना मिलेगा। अब श्रमिकों को टिफिन लाने की जरूरत नहीं है, इससे श्रमिकों के समय की बचत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रहे हैं। गरीबों को दिए जाने वाले निःशुल्क चावल भी उन्हीं की देन है। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा सहित जनप्रतिनिधियों ने श्रमिकों को खाना भी परोसा। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा अनुरूप प्रदेश में श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं, किसानों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इससे सभी को सम्मान और समानता का अधिकार मिलेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने कहा कि शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसमें एक और योजना जुड़ गई है, वह है शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न सहायता योजना। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि शासन की योजनाओं से लोग अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आना होगा। कार्यक्रम में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत एक हजार से ज्यादा श्रमिकों को एक करोड़ 54 लाख रूपये प्रदाय किए गए।

## पंजीयन नहीं करने वाले लोकसेवा केन्द्रों पर होगी कार्रवाई

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में किसान पंजीयन और पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए हितग्राहियों के लक्ष्य अनुसार पंजीयन नहीं होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन दोनों योजनाओं में अगले तीन दिनों में खासी प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि इन दोनों योजनाओं में पंजीयन नहीं करने या पंजीयन करने में लापरवाही बरतने वाले लोक सेवा केन्द्रों के संचालकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने ऐसे लोक सेवा केन्द्रों की आईडी तक बंद करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने इसकी पूरी मॉनिटरिंग करने के लिए अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी को नोडल अधिकारी भी बनाया।

समय- सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं और जनहितकारी कार्यक्रमों की भी समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी गति पर भी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए गांववार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस काम में ग्राम स्तर पर मितानिन और बीएलई की मदद लेने को भी कहा। बैठक में कलेक्टर ने धमतरी शहर की 3 सड़कों के चौड़ीकरण और उन्नयन के लिए जल्द से जल्द सर्वे शुरू करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### जंगल में मिली युवक की सड़ी-गली लाश

**नगरी।** ग्राम बटनहर्रा और घोटगांव जाने वाले रास्ते में जंगल के अंदर सड़ी गली लाश मिली है। उसकी पहचान रामानंद मंडावी उम्र 36 वर्ष गढ़डोंगरी रैयत के रूप में की गई है। दुगली पुलिस ने पीएम के बाद शव परिवारवालों को सौंप दिया है। परिजनों ने बताया कि रामानंद कई दिनों से बीमार था। उसका आयुर्वेदिक इलाज चल रहा था। बीमारी से परेशान होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।



### निरई माता का जातरा एवं मेला 30 को



- चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को उमड़ती है हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

**धमतरी।** अंचल की प्रसिद्ध देवी मां निरई माता का जातरा 30 मार्च रविवार को निकलेगा। जिले के अंतिम छोर में स्थित मगरलोड ब्लाक के ग्रापं मोहेरा के आश्रित ग्राम निरई में प्रतिवर्षानुसार जातरा पर्व एवं मेला का आयोजन किया गया है। समिति के पदाधिकारी नेमलाल साहू ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के प्रथम रविवार को माता निरई का जातरा एवं मेला का आयोजन होता है जिसमें दूर-दूर से लोग माता के आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं। सैकड़ों लोग इस अवसर पर मन्नत देते हैं। इस वर्ष 30 मार्च रविवार को माता का जातरा तथा मेला का आयोजन किया गया है। माता की पूजा-अर्चना सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।


### वर्षों बाद अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने चुकाया बकाया टैक्स

**धमतरी।** नगर निगम के राजस्व विभाग को बड़ी राहत मिली है। अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए बकाया टैक्स जमा किया है। इस पहल से न केवल नगर निगम की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी, बल्कि शहर के विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। नगर निगम प्रशासन ने इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए अन्य बकायादारों से भी अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने सहायक राजस्व निरीक्षकों से संपर्क कर टैक्स जमा करें। इससे नगर के आधारभूत विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, कर्मचारियों का वेतन और अन्य सुविधाओं में सुधार होगा। नगर निगम के अनुसार नियमित टैक्स भुगतान से शहर की सड़कें, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट्स और अन्य बुनियादी सुविधाएं बेहतर की जा सकती हैं। इस सकारात्मक पहल से समाज में जागरूकता भी बढ़ेगी और अन्य संस्थाएं व नागरिक भी समय पर टैक्स भुगतान के लिए प्रेरित होंगे।

---

डेयरी संचालकों ने कहा : सोरम भटगांव की जमीन दुधारू मवेशियों के लिए उपयुक्त नहीं

# गोकुल नगर बसाने डेयरी संचालकों और निगम प्रशासन की बैठक रही बेनतीजा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहरवासी पिछले 20 साल से गोकुल नगर बनाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए निगम प्रशासन और डेयरी संचालकों की कई दफा बैठकें भी हो चुकी हैं। निगम की पहल पर राज्य शासन ने सोरम भटगांव की जमीन पर गोकुल नगर बसाने के प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी है। निगम के पिछले कार्यकाल में 50 लाख खर्च करके उक्त प्रस्तावित जमीन पर बिजली, पानी, नाली, शेड, घेरा आदि सुविधाएं मुहैया कराई गई। इससे पहले सोरम भटगांव में गोकुल नगर बसाने डेयरी संचालकों की सहमति भी ली गई थी लेकिन डेयरी के लिए जमीन उपयुक्त नहीं है, कहकर संचालकों ने वहां जाने से मना कर दिया। निगम अब दुविधा में है कि 50 लाख खर्च भी हो चुका है और इधर डेयरी संचालक वहां जाने से मना कर रहे हैं।

निगम की नई सरकार आने के बाद महापौर रामू रोहरा और आयुक्त प्रिया गोयल ने शहर के सभी 126 डेयरी संचालकों की गुरूवार को बैठक बुलाई। बैठक डेढ़ घंटे तक चली लेकिन कोई हल नहीं निकला। बैठक में डेयरी संचालकों ने साफ शब्दों में कहा कि सोरम भटगांव की जमीन पथरीली है। दुधारू मवेशियों के लिए जमीन उपयुक्त नहीं है। मवेशियों का दूध हाई टेंपरेचर में सूख जाएगा। सोरम भटगांव की जगह शहर के बाहर अन्य कोई स्थान दिया जाए जो डेयरी के लिए उपयुक्त हो। इस पर निगम निगम महापौर रामू रोहरा ने कहा कि डेयरी संचालकों की सहमति से ही सोरम भटगांव में गोकुल नगर बसाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया। मंजूरी के बाद काम भी शुरू किया गया है। लाखों खर्च करके सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। कम रेट में लीज पर जमीन उपलब्ध कराई गई है। अब डेयरी संचालक वहां जाने से मना कर रहे हैं। उक्त जमीन की बजाय अन्य स्थान पर जमीन मांग रहे हैं। श्री रोहरा ने कहा कि आगामी दिनों में बैठक कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा तब तक डेयरी संचालकों को सोरम भटगांव में जाने प्रेरित किया जाएगा।

इस संबंध में डेयरी संचालक नीलकंठ गौली ने कहा कि सोरम भटगांव की जमीन डेयरी के लिए उपयुक्त नहीं है। चट्टान और पथरीली जमीन के कारण मवेशी का स्वास्थ्य ठीक नहीं रह सकता। दूध की मात्रा भी कम हो सकती है। इसकी पुष्टि वेटनरी डॉक्टरों ने भी की है। उक्त जमीन के अलावा शहर से 10 किमी के दायरे में डेयरी संचालकों के लिए जमीन उपलब्ध कराएं ताकि डेयरी वालों की रोजी रोटी चल सके। बैठक में डेयरी संचालक रामनरेश पांडेय, नीलकंठ गौली, शंकर ग्वाल, ब्रजेश सिन्हा, लालसिंग, मनी गौली, बाबी, मेघराज, नंदू साहू, कृष्ण कुमार साहू सहित अनेक डेयरी संचालक उपस्थित थे।

## जिला चिकित्सालय संगठन को मजबूत करने पर जोर




- होली मिलन के साथ संगठनात्मक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) संगठन जिला धमतरी अंतर्गत इकाई जिला चिकित्सालय धमतरी द्वारा होली मिलन सह संगठनात्मक संगोष्ठी चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय संगठन को मजबूत करने के लिए नए कर्मचारियों की सदस्यता तथा जिला इकाई और राज्य संघ के दिशानुरूप सक्रियता से सहयोग करने पर चर्चा की गई। साथ ही बिलासपुर में होने वाली राज्य स्तरीय बैठक के आमंत्रण विषय में जिला चिकित्सालय धमतरी की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम में विकास सुल्तान जिला अध्यक्ष, संतोष कौशिक कार्यकारी अध्यक्ष, श्रीमती लेमिन ध्रुव अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, डॉ. प्रीति चांडक, नारायण साहू, तिजेंद्र साहू, गिरीश देवांगन, खेमराज साहू, नोमनारायण सिन्हा, भागेश्वर लोधी, ज्योति साहू, गोपी कृष्णा साहू, गामिनी चंद्राकर, चोवाराम साहू, तोमेश भंडारी, कुशल साहू, गीतेश साहू, विष्णु मरकाम, दीपा गजेंद्र, टोकेश्वरी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## अछोटी के पंचायत प्रतिनिधि विधायक से मिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम पंचायत अछोटी के नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच, पंचों सहित ग्रामीणों ने कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से उनके निवास स्थान में मुलाकात की। इस दौरान पूरन घृतलहरे सरपंच, आनंद साहू उपसरपंच, पंचगण सौरभ श्रीवास, टोके चंद्राकर, नारायण साहू, धनेश्वरी तुरियाकर, दौलत कोसले व ग्रामीणजन नारायण साहू, रजऊ साहू, अर्जुन बघेल, शत्रुघन साहू उपस्थित थे।

## सड़क चौड़ीकरण के लिए सर्वे का काम शुरू

- दूसरे दिन टीम ने रुद्री रोड की नापजोख की
- मार्गों में हुए अवैध कब्जों को हटाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



निगम महापौर रामू रोहरा के प्रयास से सिहावा चौक से कोलियारी तक, रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक एवं अम्बेडकर चौक से रुद्री-गंगरेल तक फोरलेन सड़क बनाने के लिए राज्य शासन ने अपने बजट में शामिल कर लिया है। महापौर के निर्देश पर नापजोख एवं सर्वे का काम शुरु हो गया है।

बुधवार को रत्नाबांधा चौक से मुजगहन तक एवं गुरुवार को अम्बेडकर चौक से रूद्री-गंगरेल तक सर्वे कर नापजोख की गई। टीम में राजस्व, निगम और पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी शामिल थे। सर्वे का काम चार दिन में पूरा करना है। फोरलेन के लिए दोनों साइड से रोड की चौड़ाई 12-12 मीटर की होगी। तीनों मार्गों के लिए लागत मूल्य लगभग 135 करोड़ है। यह बजट में शामिल है लेकिन राशि स्वीकृति नहीं हुई है। इससे पूर्व महापौर रामू रोहरा, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा टीम के साथ उक्त मार्गों का निरीक्षण कर चुके हैं। सड़कों की सर्वे रिपोर्ट और डीपीआर जल्द बनेगी। मार्गों में हुए अवैध कब्जों को हटाया जाएगा।

## यादव समाज के होली मिलन में शामिल हुए पार्षद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में कोसरिया यादव समाज सोरिद वार्ड की सामाजिक बैठक के साथ होली मिलन कार्यक्रम हुआ। अतिथि जोधापुर वार्ड पार्षद विशु देवांगन ने कहा कि मैं हर समाज का बेटा, भाई बनकर सेवाभाव से हमेशा जुड़ा रहूंगा। यादव समाज परिवार की अपेक्षाओं के अनुसार मैं हरसंभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहूंगा।

अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, सचिव यशवंत यादव, वरिष्ठ सदस्य दीपक यादव, रामरतन यादव, राजाराम यादव, रामजीवन यादव ने समाज विकास के लिए बेहतर कार्य करने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में रामाधीन यादव, सुकलाल यादव, संतोष यादव, बंशी यादव, बृजलाल यादव, चंदु यादव, अशोक यादव, कैलाश यादव, गजराज यादव, पालू यादव, परमा, पिंटू यादव, मनीष यादव, संजीव यादव, नरेन्द्र यादव, राजू यादव, विनय यादव, रिंकू यादव, भोजराज यादव, रामस्वरूप यादव, रामकृष्ण यादव, अनिल यादव, अजय यादव, त्रिलेश यादव, शैलेन्द्र यादव, आकाश यादव, रमन यादव समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## प्राचीन श्रीराम मंदिर में खेली गई फूलों की होली

**फाग गीतों में नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरके श्रोतागण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

विगत वर्ष की परंपरा अनुसार प्राचीन श्रीराम मंदिर में इस बार भी रंगपंचमी के अवसर पर बसन्तोत्सव का आयोजन किया गया। फाग के रसिक श्रोताओं ने नगाड़ों की थाप पर नाच गाकर देर रात तक फूलों की होली खेली। होली खेले रघुवीरा अवध में.. जैसे फाग गीतों के ऐसे तराने छोड़े कि श्रोता होली की मस्ती में झूम उठे।

बुधवार को रंगबिरंगे फूलों एवं हरियाली से सजे श्रीराम मंदिर प्रांगण में बसंत उत्सव का आयोजन किया गया। रंगबिरंगी रोशनी से सजे माहौल ने रंगपंचमी का मजा दोगना कर दिया। ऐसे खुशनुमा माहौल में फाग मंडली ने नगाड़ा, तबला-ढोलक, झांझ-मंजीरा, बांसुरी के साथ फागुन के गीत गाकर श्रोताओं को अवध की होली का दृश्य दिखाया। इस बारे में मंहत अखिलेश वैष्णव ने बताया कि 1753 से यह स्थान धार्मिक, लोक उत्सव एवं संस्कृति का केंद्र रहा है। लोक उत्सवों में पहले जैसी मिठास घोलने के लिए राम मंदिर परिवार तन मन धन से जुटा है। फाल्गुन में बजने वाले पारम्परिक नगाड़े की जगह अब डीजे और फाग गीत की जगह फिल्मी गानों ने ले ली है। ऐसे में हमने मंदिर परिसर में बसंत उत्सव का



आयोजन किया है, ताकि लोग अपनी अपनी संस्कृति और लोक उत्सव से जुड़े रहे। रंगपंचमी में यहां सिंथेटिक सूखे या गीले रंगों की बजाय, गेंदा और गुलाब फूल की पंखुड़ियों के साथ पारम्परिक होली का नजारा पेश किया जाता है।

इस बसंत उत्सव में नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, जनपद सदस्य सिन्धु बैस, नीरज चन्द्राकर, मनोज त्रिपाठी, कैलाश शुक्ला, धीरज चन्द्राकर, राघवेन्द्र सोनी, जमाल रिजवी, निलेश कुमार, टिकेश्वर चन्द्राकर, देवराज साहू, सुनील, जितेन्द्र चन्द्राकर, हरीश देवांगन, योगेन्द्र सिन्हा, तामेश्वर, कार्तिकराम, भारत साहू, सचिन पुरी, हिरेश सिन्हा, कल्पना देवी, अभिषेक, पाखी, वेदांत वैष्णव, किशोर, होरी यादव, धनेश्वर निर्मलकर, डुगेश साहू सहित बड़ी संख्या में फागप्रेमी शामिल थे।

## जिला देवांगन समाज के पदाधिकारियों ने की महापौर और सभापति से भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

जिला देवांगन समाज धमतरी के पदाधिकारियों ने महापौर जगदीश रामू रोहरा एवं सभापति कौशिल्या देवांगन से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट किया। साथ ही देवांगन समाज की जनप्रतिनिधि को सभापति बनाए जाने पर खुशी जाहिर की।

इस दौरान जिला अध्यक्ष विनय देवांगन, महासचिव डॉ. जयलाल देवांगन, कोषाध्यक्ष बृजलाल देवांगन, सहसचिव संतोष देवांगन, खूबलाल देवांगन, विधिक सलाहकार मोहित देवांगन, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष टीकाराम देवांगन, कोषाध्यक्ष शांतिलाल देवांगन, सहसचिव संतोष देवांगन, भागवत देवांगन, युवा अध्यक्ष दीपेश देवांगन, कोषाध्यक्ष वेद देवांगन, उपाध्यक्ष बुकेश देवांगन मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप प्रीमियर लीग सीजन 3 के लिए 231 खिलाड़ी बिके

- 2 अप्रैल से विष्णु हिरवानी एकलव्य खेल परिसर में खेली जाएगी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगर में तीसरी बार आईपीएल की तर्ज पर महाराणा प्रताप प्रीमियर लीग सीजन 3 खेला जायेगा। धमतरी शहर एवं विधानसभा में आने वाले 231 खिलाड़ियों की नीलामी हुई। 16 टीम के मालिकों ने अपनी टीम का चयन किया। एक-एक टीम में 14-14 खिलाड़ी अक्शन से लिए गए हैं। प्रतियोगिता 2 अप्रैल से विष्णु हिरवानी एकलव्य खेल परिसर में खेली जाएगी। आयोजन समिति के नकुल शर्मा, रघुवीर बघेल, दादू देवांगन, विक्की ध्रुवंशी, रिंकू रजक, करण खंडागले ने बताया कि प्रतियोगिता में हिंदू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, दीपक लखोटिया, सुधीर गुप्ता, संजय सिन्हा एवं गोल्डी जैन का सहयोग मिलता है। श्री ठाकुर ने कहा कि आउटडोर गेम से शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। इससे खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास होता है।

## गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 मार्च को उत्तरी छग तथा 21 एवं 22 मार्च को पूरे प्रदेश में मेघ गर्जन, तूफानी हवाओं के साथ ओलावृष्टि की संभावना है। आगामी 3 दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। सिनोप्टिक सिस्टम में एक द्रोणिका पश्चिम मध्यप्रदेश एवं आसपास के क्षेत्र में स्थित चक्रवाती परिसंचरण छत्तीसगढ़ होते हुए उत्तरी उड़ीसा तक समुद्रतल से 0.9 किमी की उंचाई पर मौजूद है। पश्चिमी विक्षोभ अब निचले एवं मध्य सोम मंडलीय स्तर में एक द्रोणिका के रूप में स्थित है जिसकी धुरी समुद्रतल से 3.1 किमी उपर है।

## शहर के कचरे से बनेगी बायोगैस

**मुजगहन की 15 एकड़ जमीन में 51 करोड़ से लगेगा संयंत्र : महापौर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर से प्रतिदिन 25 से 30 टन कचरा रोज निकलता है, लेकिन अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था नहीं होने के कारण ट्रेंचिंग ग्राउंड एवं अन्य खुले स्थान में सालों से डंप हैं जो शहर की सुंदरता को बिगाड़ रहा है। लोग यहां मृत मवेशी फेंक रहे हैं तो कोई आग लगा रहा है। महापौर रामू रोहरा की पहल से ग्राम मुजगहन की 15 एकड़ जमीन में बायोगैस संयंत्र लगाने की योजना है, जिसकी लागत मूल्य 51 करोड़ रूपए है। श्री रोहरा ने बताया कि बायोगैस संयंत्र के लगने से शहर से निकलने वाले कचरे का निष्पादन होगा। संयंत्र में सैकड़ों स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। इस कचरे से बायोगैस तैयार होगी। श्री रोहरा ने बताया कि मुख्यमंत्री और इंडियन आयल के अधिकारियों के बीच एमओयू हुआ है, जिससे कचरे का निष्पादन करने बायो गैस संयंत्र लगेगा। इससे प्राप्त होने वाली राशि का एक अंश निगम को मिलेगा। एमओयू के दौरान आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा एवं स्वच्छता विभाग के शशांक मिश्रा सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। एमओयू के बाद इंडियन आयल के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। जांच पश्चात रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 13,500/
स्पेशल ट्रेन से - 01 जुलाई से 10 जुलाई 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।



अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020